पत्रांक–9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025–3241 (9A)/रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–08-09-2025

विषय :– राजस्व महा–अभियान के तहत हल्का में अतिरिक्त शिविर का आयोजन करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–2786(9A)/रा0, दिनांक–29.07.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पूरे राज्य में दिनांक–16.08.2025 से दिनांक–20.09.2025 तक "राजस्व महा–अभियान" आयोजित की गयी है। राजस्व महा–अभियान के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु प्रासंगिक पत्र के माध्यम से विस्तृत दिशा–निदेश संसूचित है।

इस महा–अभियान के द्वितीय चरण में जमाबंदी पंजी/प्रपत्र बाँटने के उपरान्त प्रत्येक हल्के में शिविर का आयोजन किया जाना है। प्रत्येक हल्के में सात दिनों के अन्तराल पर दो तिथि में शिविर आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया है। उक्त के आलोक में अंचल स्तर पर तैयार माईक्रोप्लान के आधार पर विभिन्न हल्कों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

राजस्व महा–अभियान के प्रगति की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण के क्रम में यह महसूस किया गया है कि किसी–किसी हल्के में दो के अतिरिक्त भी शिविर लगाये जाने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंचल अधिकारी अपने स्तर से आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शिविर का आयोजन कर सकते है। अतिरिक्त शिविर के आयोजन के क्रम में यह ध्यान रखा जाय कि इससे राजस्व महा–अभियान की गतिविधियाँ प्रभावित न हों।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में संबंधित अंचल अधिकारियों को निदेशित किया जाए।

विश्वासभाजन

8/9/25

(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025–3241 (9A)/रा0, पटना–15, दिनांक–08-09-2025

ई–मेल

**प्रतिलिपिः**– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी अनुमण्डल पदाधिकारी/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/सभी अंचल अधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/9/25

(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांकः–9A/विविध (महा–अभियान) 07–12/2025–3241 (9A)/रा0, पटना–15, दिनांक–08-09-2025

**प्रतिलिपिः**– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/विभागीय आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8/9/25

(जय सिंह),
सचिव।

E:\2025\9A\Rajswa Maha-abhiyan\Letter.docx